卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 212 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦13 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सीबीएसई बोर्ड : 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी

## 12 वी में एमिनिटी की अनुष्का प्रीतम और 10वी में रितिका ने किया टॉप,इस बार भी छात्राओं का दबदबा

नई दिल्ली/ देहरादून(उद संवाद दाता)। नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष 2023-24 की 10वीं एवं 12वीं के लाखों स्टूडेंट्स के लिए आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। सीबीएसई की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 87.98 फीसदी और 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 93.60 फीसदी रहा है। इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीबीएसई परीक्षा में उत्तीण छात्र छात्राओं को शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। आप इसी प्रकार परिश्रम और लगन के साथ सफलता के पथ पर अग्रसर रहें। अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थी पुन: मेहनत कर सफलता को अर्जित कर सकते हैं। इस बार कक्षा 12वीं में 87.98% बच्चे पास हुए हैं। जबकि 10वीं क्लास का रिजल्ट 93.60 फीसदी रहा है। 12 वीं की परीक्षा में रुद्रपुर एमीनिटी स्कूल की छात्रा अनुष्का प्रीतम ने 99.2 फीसदी अंक हासिल किए। अनुष्का प्रीतम कॉमर्स की छात्रा हैं। जगह बनाई है। रितिका आगे चलकर आईएएस अफसर बनकर देश सेवा करना चाहती है। 10वीं कक्षा के नतीजों में लड़कियों का पास प्रतिशत 94.75 दर्ज किया गया है। इसके अलावा लड़कों का



अनुष्का ने हाईस्कूल में भी 99.4 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया था। 10वी कक्षा में मुजफ्फरनगर की रितिका चौधरी ने 600 में से 590 अंक हासिल कर टॉपर्स में पास प्रतिशत 92.71 फीसदी दर्ज किया गया है। 10वीं कक्षा के परिणामों में इस वर्ष नवोदय विद्यालयों एवं केंद्रीय विद्यालयों में का रिजल्ट 99.09 रहा है। सीबीएसई बोर्ड से दसवीं और 12वीं में करीब 39 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। इसमें से 2186940 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं के लिए और 1696770 परीक्षार्थियों ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। पूर्व में बोर्ड द्वारा दोनों परीक्षाफल की घोषणा 20 मई 2024 के बाद किये जाने का ऐलान किया था लेकिन इस बीच बोर्ड ने पूर्व घोषित तिथि से पहले ही नतीजे आज यानी सोमवार 13 मई को ही घोषित कर दिए। 12वीं में देशभर के 17 रीजन में देहरादून रीजन 11वें स्थान पर रहा है। देहरादून रीजन का परिणाम 83.83 प्रतिशत रहा जो बीते वर्ष के मुकाबले तीन प्रतिशत तक बढ़ा है। सीबीएसई के देहरादून रीजन में उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिले बदायूं, बिजनौर, ज्योतिबा फूले नगर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर व संभल शामिल हैं। ( **शेष पेज सात पर** )

## अनुष्का ने हाईस्कूल के बाद इंटर में भी लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीबीएसई बोर्ड ने आजे 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए है। रुद्रपुर एमीनिटी स्कूल की छात्रा अनुष्का प्रीतम ने 99.2 फीसदी अंक हासिल कर राज्य में दूसरा स्थन प्रप्त कर देवभूमि का नाम रोंशन किया है। अनुष्का प्रीतम विद्यालय की कॉमर्स की छात्रा हैं। वहीं रुद्रपुर एमीनिटी स्कूल की छात्रा अनुष्का प्रीतम ने 99.2 फीसदी अंक हासिल किए। अनुष्का प्रीतम कॉमर्स की छात्रा हैं। अनुष्का ने हाईस्कूल में 99.4 फीसदी अंक हासिल कर स्टेट में दूसरा स्थान हासिल किया था। अनुष्का के पिता अंजनी कुमार स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में डॉक्टर हैं और दादा सिद्धेश्वर प्रसाद भी डॉक्टर रहे हैं। अनुष्का ने बताया कि वह रोजाना 14 से 16 घंटे पढ़ाई करती थी। अनुष्का की इस सफलता पर विद्यालय व उसके परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय प्रबंधन व समस्त स्टॉफ ने अनुष्का की इस सफलता पर उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# पॉकेटमार गिरोह का पर्दाफाश,चार दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मौका मिलते ही लोगों की जेब काटकर पर्स उड़ने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को हजारों की नगदी व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार सक्सेना पुत्र मुन्ना लाल निवासी आदर्शनगर तल्ली बमोरी ने पुलिस को बताया कि मुरादाबाद से हल्द्वानी बस में आते समय कालूसाही मन्दिर के पास बस से उतरते समय किसी अज्ञात चोर ने उसकी जेब काटकर पर्स चोरी कर लिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल के आस पास सीसीटीवी कैमरों को चौक किया। इस दौरान चार अन्तर्राज्यीय पाकेटमार को एफटीआई बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अरशद पुत्र जमील अहमद निवासी मोहल्ला कल्याण सिंह ल अटौडा रोड़ थाना मवाना मेरठ, फैजल अहमद पुत्र मुन्ना निवासी साउथ खालापार निकट मदीना मस्जिद दरोगा कोठी थाना खालापार मुजफ्फरनगर, अरशद पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला कल्याण सिंह अटौडा रोड (शेष पेज सात पर)



# आठवीं कक्षा की छात्रा फांसी पर झूली

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगरीय क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली किशोरी ने दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस किशोरी की मौत से जुड़े साक्ष्यों को खोजने के लिए घटनास्थल के आसपास गहन जांच करने में जुट गई है। हालांकि पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोरी की मौत से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। नगर के अमरिया चौराहा स्थित एक वार्ड में रहने वाली किशोरी का शव सोमवार को फांसी के फंदे पर झूलता बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची महिला उप निरीक्षक सोनिका जोशी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी कक्षा आठवीं की छात्रा थी। इसलिए पुलिस आत्महत्या के पीछे का कारण जाने के लिए सुसाइड नोट आदि साक्ष्य की आशंका में बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है। किशोरी की संदिग्ध मौत पर आसपास हड़कंप मच गया।

# मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के लिए तीन अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद तीर्थयात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदेश में सुगम, सुरक्षित, सुलभ और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने चारधाम क्षेत्र में आने वाले तीनों जनपदों में सचिव स्तर के तीन नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से चार धाम यात्रा को लेकर मिली अपडेट के बाद ये फैसला लिया। सीएम धामी ने तीन अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दे दिए हैं। सीएम के निर्देशों के क्रम में शासन ने सचिव डॉ. आर राजेश कुमार को रुद्रप्रयाग, एसएन पांडेय को चमोली और डॉ रंजीत कुमार सिन्हा को उत्तरकाशी में यात्रा व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी है। यह तीनों अफसर संबंधित जिलों के जिलाधिकारी से फीडबैक लेकर शासन स्तर पर सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित चार धाम यात्रा संपन्न कराने की दिशा में काम करेंगे। सीएम धामी चारधाम यात्रा संचालक में किसी प्रकार की व्यवस्था न हो इसको लेकर बीते दिनों हुई बैठक में स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं। मुख्यमंत्री धामी ने साफ किया है कि प्रदेश में सुगम, सुरक्षित, सुलभ और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। बता दें अभी तक केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री में ही तीन दिनों में एक लाख 31 हजार 898 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जो एक रिकॉर्ड है। इनमें 75 हजार 139 श्रद्धालु केदारनाथ और 56 हजार 759 श्रद्धालु गंगोत्री एवं यमुनोत्री में दर्शन कर चुके हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाटोद्घाटन दिवस पर करीब 20 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन को पहुंचने की सूचना है। पंजीकरण आंकड़ों पर नजर डालें तो 11 मई तक केदारनाथ के लिए सर्वाधिक 8 लाख 32 हजार 681 श्रद्धालु पंजीकरण करवा चुके हैं। तीन अन्य धामों बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित चारों धामों के लिए कुल 24 लाख 42 हजार 276 श्रद्धालुओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है।



# एआरटीओ ऑफिस के बाहर चल रही दलाली का भंडाफोड़

## टैक्सी संचालकों से ग्रीन कार्ड के नाम पर चल रही थी अवैध वसूली

हरिद्वार(उद संवाददाता)। रुड़की में एआरटीओ कार्यालय के पास चार धाम यात्रा पर जाने वाले टैक्सी संचालकों से तय फीस से कई गुना अधिक वसूली की शिकायत मिलने के बाद एआरटीओ और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एआरटीओ कार्यालय के आसपास मौजूद दलालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दलाली में लिप्त पाए जाने वाले छह लोगों को हिरासत में लिया है। बता दें कि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू होने के चलते सभी आरटीओ ऑफिस के बाहर ग्रीन कार्ड व वाहन संबंधी अन्य दस्तावेज बनवाने के लिए वाहन चालकों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। जिनका फायदा उठाते हुए आरटीओ ऑफिस के बाहर दलाल भी वाहन चालकों को अपने झांसे में लेकर निर्धारित शुल्क से लगभग चार से पांच गुना पैसा वसूल कर अवैध वसूली कर रहे हैं। अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर एसएसपी द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्यवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में एआरटीओ रुड़की और रुड़की कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एआरटीओ ऑफिस के बाहर चेकिंग की गई। जिसमें अचानक पुलिस व परिवहन विभाग को चेकिंग करता देख दलालों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों द्वारा ग्राहकों को कम समय में वाहन संबंधी दस्तावेज ग्रीन कार्ड बनवाने के नाम पर मोटी फीस वसूली की जा रही थी। उक्त व्यक्तियों द्वारा आरटीओ कार्यालय के सामने सीमेंट के गोदाम के अन्दर व बंद मकान के पीछे एक कमरे में अपना दफ्तर खोलकर चोरी छिपकर ग्रीन कार्ड व लाइसेंस और वाहन संबंधित दस्तावेज का कार्य किया जा रहा था। उक्त व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से अलग-अलग वाहन डीलर एजेंसीयों से वाहन संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर ग्राहकों से वाहन के रजिस्ट्रेशन करवाने के नाम पर तय शुल्क से कई गुना शुल्क वसूला जाता था, जबकि नियमानुसार वाहन संबंधित एजेंसी द्वारा ग्राहकों द्वारा क्रय किए गए वाहन संबंधित दस्तावेज सीध आरटीओ ऑफिस को भेजने होते हैं। आरोपियों के खातों की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कई ग्राहकों द्वारा च्ब्ड के माध्यम से अधिक भुगतान लिया गया था। आरोपियों की पहचान मौहम्मद उमर पुत्र अब्दुल मलिक निवासी खेलपुर, मोहम्मद तैकीक पुत्र मोहम्मद इसरार निवासी, मिनहास अब्बास पुत्र अली अब्बास निवासी जैनपुर झंझेड़ी, विजय पुत्र जनार्दन सिंह निवासी सरस्वती विहार, यजुर प्रजापति पुत्र संजय प्रजापति निवासी कुम्हारों वाली गली, विशाल पुत्र पदम सिंह निवासी बेलड़ा को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 5 लैपटॉप, भारी मात्रा में वाहन संबंधित दस्तावेज, आरसी व डीएल, ग्रीन कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस अब गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। मामले को लेकर एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोबाल का कहना है कि ग्रीन कार्ड के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत मिल रही थी। मुकदमा दर्ज कर कारवाई की जाएगी।



# मेयर के लिए धीरेंद्र मिश्रा ने ठोकी दावेदारी



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा रुद्रपुर नगर निगम में मेयर के टिकट के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के समक्ष दावेदारी पेश की। नगर निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ राय शुमारी करने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के समक्ष रविवार को कई भाजपा नेताओं ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा ने भी मेयर के टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की। बता दें धीरेंद्र मिश्रा किसानों के हितों के लिए लंबे समय से काम कर रहे हैं। श्री मिश्रा भाजपा और भाजपा युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर रहकर संगठन को मजबूती देने के लिए काम करते रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी के करीबी धीरेंद्र मिश्रा धामी के भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रहने के समय उनकी टीम में सक्रिय रहे थे। सिडकुल में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्त्व में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए चलाए गए आंदोलन भी वह धामी के साथ सक्रिय रहे। इसके अलावा छात्र राजनीति में भी भी धीरेन्द्र मिश्रा का दखल रहा है। सरल सहज स्वभाव वाले धीरेन्द्र मिश्रा ने विभिन्न चुनावों के दौरान पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई है। धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि पार्टी जिसे भी चुनाव मैदान उतरेगी उसे पूरी निष्ठा के साथ चुनाव लड़ाया जाएगा।

# राजकुमार ने पेश की मेयर पद को दावेदारी



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम का चुनाव को देखते हुए बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शाह राजू ने रुद्रपुर नगर निगम में मेयर पद की दावेदारी ठोक दी है। उन्होंने इस आशय का पत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट को सोपा। राजू ने बताया कि उनके पिताजी स्व. नित्यानंद शाह जनसंघ से ही जुड़े हुए थे और भाजपा में कार्यकर्ता रहते हुए वह नगर पालिका के सभासद और वाइस चेयरमैन बने । उनके बड़े भाई अजीत शाह ने भी जिला मंत्री के पद पर रहते हुए पार्टी की सेवा की। राजू ने बताया बंगाली समाज का प्रदेश अध्यक्ष रहने के नाते उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान और बांग्लादेशी जैसी भाषा वाले शब्दों को हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की। जिसके बाद यह शब्द हटाया गया। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज की तीन उपजातियां नमो शुद्ध, पॉन्ड और मांझी हैं जिन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा मिलना चाहिए। जिसके लिए उन्होंने दिल्ली तक आवाज उठाई। उन्होंने बंगाली महासभा उत्तराखंड की ओर से एवं विधायक शिव अरोड़ा की बांग्ला भवन निर्माण के लिए आग्रह किया गया। उसकी भी स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि सितारगंज, रुद्रपुर और गदरपुर बंगाली बाहुल्य क्षेत्र है लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव मे रुद्रपुर, गदरपुर, एवं सितारगंज जो कि बंगाली बाहुल्य क्षेत्र है किसी भी बंगाली जनप्रतिनिधि को पार्टी ने उम्मीदवार नही बनाया। जिससे यह समाज अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहा है।

# मातृ दिवस पर लिटिल किंगडम में आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। उत्सव की शुरुआत सार्वजनिक भाषण से हुई जिसमें कक्षा 5 के दीपक राजपूत ने मातृ दिवस पर हिन्दी भाषा में एक सुन्दर भाषण दिया गया। जिसके बाद मो. फरहान ने मदर्स डे पर अंग्रेजी में स्पीच दी। कक्षा 3 और 4 के छात्रों द्वारा तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। जिसमें परमीत सिंह, मंथन श्रीवास्तव, आरवी कालरा, यशिता ठाकुर, अनाया मरियम, अर्पिता पाठक, समीक्षा सचदेवा, लीपिका सिंह, समायरा खान ने भाग लिया। कार्यक्रम में एल.के.जी स्वीट पी के अभि, तृषा, वैष्णवी, क्यारा, जसमायरा, दिव्या, दक्ष, आराध्या, रंचेत, हर्षिता,एल.के.जी ट्यूलिप के ईवा, निम्रीत, अभियांश, तनुश्री, नित्या, राजवीर, सानवी, अथर्व, जिवराज, यू.के.जी पोपी के प्रणीत, प्रनिका, माधवी, वेदांश, देविशी, विराज, जागृति, कृष, समर्थ, पार्थ, अमर्या, ऋषिका, वृजिका,यू.के.जी. लोटस के अर्नतिका, रिद्धिमा, गुनगुन, याशिका, सिद्धइका, मृत्युंजय, धरुवांश, आद्विक, राघव, अंसुमनोफ, कक्षा 1 रोज के आयुष, रुजैन, शाहट्रांशु, दिव्यांश, अथर्व, काव्या, किआरा, परी, अमायरा, कक्षा 2 के भव्या, देवांश, वान्या, भावेश आदि बच्चों द्वारा सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंत में, कक्षा 4 कारनेशन के छात्र और 5 लैवेंडर द्वारा एक दिल छू लेने वाला नृत्य प्रदर्शन किया गया। जिसमें कक्षा 4 वीं के लैवेंडर के साक्षी, रुद्र, राघव, हर्षित, तनव पाल, पांचवीं कक्षा के कार्नेशन के ऋषभ, गुरेश, मनकरण, पीहू, दीपिका, जसदीप, अरुण, फरहान थे । कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ प्रशासक श्रीमती नीरा पुरी ने एक दिल छू लेने वाला भाषण दिया और कार्यक्रम का समापन स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती चरणजीत कौर के भाषण के साथ हुआ। वाइस प्रिंसिपल मैडम और कोऑर्डिनेटर सर ने भी सभी बच्चों और अभिभावकों को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक कक्षा को खूबसूरती से सजाया गया था। शिक्षिकाओं ने सभी माताओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया, जिसका उन्होंने सबसे अधिक आनंद लिया। खेलों की विजेता माताओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया गया। प्रत्येक कक्षा में सेल्फी कॉर्नर कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था। माताओं ने भी अपने प्यारे वार्ड के साथ मनमोहक रैंप वॉक में भाग लिया। सभी ने नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, गाने गाए और खूब मस्ती की। सभी को यह उत्सव पसंद आया और उन्होंने इसका भरपूर आनंद उठाया।






# बाबा भक्त मंडल ने मां पूर्णागिरि मेले के लिए रवाना की बस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संजय ठुकराल के नेतृत्व में एक बस गत रात्रि वार्ड नंबर 28 सुभाष कॉलोनी से मां पूर्णागिरि मंदिर के दर्शन के लिए रवाना हुई । बस को बाबा भक्त मंडल ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा,



उपाध्यक्ष सुमित सहगल, गगन ग्रोवर, मंडल के मीडिया प्रभारी कपीश सुखीजा आदि मौजूद थे। मां पूर्णागिरी मंदिर जाने वालों में संजय सागर, जय सागर, संजू सागर, नितिन सागर, रजत पाल, सुनील सागर, प्रमोद, अमन, राहुल, जतिन, शुभम, रेनू, उज्जवल, किरण, नन्नू, कल्पना, काजल, कुसुम, जावित्री, टिंकू, माया, बंटी सागर,कोमल, प्रशांत सागर, ऋषभ गुप्ता आदि शामिल थे।

# घर में वृद्धा की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।गत सायं किच्छा के ग्राम पटेरी में एक वृद्धा की घर में अचानक तबीयत तेजी से खराब हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम पटेरी निवासी 70 वर्षीय हेमा स्नेही पत्नी नत्थूलाल की गत सायं तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस कर्मी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे इसी दौरान सिडकुल ढाल के पास निमार्णाधीन पेट्रोल पम्प के समीप एक युवक संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरीश थापा पुत्र हरि बहादुर निवासी एफ ब्लाक ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 43 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कम्प मचा हुआ है।

# सड़क किनारे सजी दुकानों का सामान जब्त

हल्द्वानी। रविवार दोपहर बाद प्रशासन और नगर निगम की टीम ने नैनीताल रोड पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे सजी दुकानों संग बाहर तक सामान रखने वाले व्यापारियों का सामान जब्त करना शुरू कर दिया। छुट्टी के दिन कार्रवाई का अंदेशा न होने के कारण ये लोग सामान भी समेट न सके।इस दौरान निगम ने नौ दुकानदारों का चालान किया तो पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई की। अब जल्द बाजार क्षेत्र में ऐसा अभियान चलेगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के नेतृत्व में रविवार दोपहर चार बजे से निगम और पुलिस की टीम नैनीताल रोड पर कार्रवाई के लिए उतरी। तिकोनिया से आगे नगर निगम के पेट्रोल पंप तक यह सिलसिला जारी रहा।हाईवे के किनारे दोनों तरफ ठेले से लेकर अन्य दुकानें नजर आने पर कर्मचारियों ने सामान उठाकर जब्त करना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ लोग विरोध की कोशिश में भी जुटे लेकिन सख्ती बरतने पर शांत हो गए। वाजपेयी ने बताया कि चार ट्रैक्टर समेत आठ गाड़ियां मांगकर जब्त सामान उनमें भरा गया। कार्रवाई के दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट,कोतवाल उमेश कुमार मलिक आदि मौजूद थे। पिछले साल निगम व प्रशासन ने हल्द्वानी बाजार में अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ा अभियान चला कार्रवाई भी की थी। इससे बाजार का हाल कुछ सुधरा भी, मगर अब फिर से स्थिति खराब हो चुका है। अधिकारियों का कहना है कि पहले नोटिस दिए जाएंगे। नहीं सुधरने पर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट व संयुक्त सचिव जिला विकास प्राधिकरण एपी वाजपेयी ने देखा कि कांप्लेक्स में बेसमेंट का स्वरूप बदलकर सीढ़ियां बना दी गई हैं। जिस पर प्राधिकरण की टीम ने बेसमेंट को सील कर दिया। वहीं, संयुक्त सचिव ने कहा कि पास नक्शे के हिसाब से ही काम होना चाहिए।







# राइस मिल पार्टनर को तीन माह कारावास और पांच लाख जुर्माना

काशीपुर। प्रथम एसीजे की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में एक इंडस्ट्री के पार्टनर को तीन महीने के कारावास और पांच लाख 80 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। ग्राम कुर्दयोवाला स्थित अरोरा राइस इंडस्ट्री के पार्टनर मोहित अरोरा ने अपने अधिवक्ता अजय अरोरा के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। इसमें बताया कि श्री साई इंडस्ट्रीज स्थित जसपुर रोड ठाकुरद्वारा फर्म चावल आदि का कारोबार करती है। यूपी के ठाकुरद्वारा के लक्ष्मी नगर निवासी महेश चंद्र इस फर्म में पार्टनर हैं। महेश चंद्र ने 27 मार्च 2019 को उन्हें 334 बैग चावल कुल वजन 200.40 क्विंटल का ऑर्डर दिया था। इसके कुल भुगतान पांच लाख पांच हजार आठ रुपये के एवज में उसने पांच लाख रुपये का चेक 27 मार्च 2019 को दिया। 19 अप्रैल को उन्होंने चावल की डिलीवरी दी। इसके बाद उन्होंने चेक को लगाया तो वह बाउंस हो गया। न्यायालय ने आरोपी फर्म और पार्टनर को 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया।

**पता परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक चेतना मंच, ग्राम व पोस्ट रानीबाग, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड 263126 का पूर्व कार्यालय / पत्राचार पता परिवर्तन कर लोक चेतना मंच, चेतना कुंज, राय एस्टेट रानीखेत, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड 263645 किया जाता है।

**अध्यक्ष**
**लोक चेतना मंच, रानीखेत**

# नैनीताल से हाईकोर्ट हटाने के लिए युवा वकीलों ने कमर कसी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उधमसिंहनगर जिले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय को नैनीताल से हटा कर किसी सुविधाजनक स्थान पर स्थापित करने के लिए युवा वकीलों ने कमर कस ली है और इस बारे में पूरे उधमसिंहनगर जिले में युवा वकील लोगो को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाएंगे और इस मुहिम को कामयाब बनाने के लिए समाज के हर वर्ग का समर्थन जुटाया जाएगा युवा अधिवक्ता के प्रवक्ता एडवोकेट कमल चिलाना ने कहा कि यहां के वकील जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल के वकील इलाहाबाद, दिल्ली तथा लखनऊ से भी अत्यंत महँगे हैं। नैनीताल आना-जाना,वँहा पर ठहरना खाना-पीना इतना महंगा है कि नैनीताल जा कर वादकारी फुटपाथ पर भूखे पेट सोता है। बार के निवर्तमान कोषाध्यक्ष अजय यादव ने कहा है कि अब स्थिति बर्दाश्त के बाहर हो गयी है नैनीताल में न्याय से ज्यादा अन्याय मिलता है। नवनिर्वाचित पुस्तकालयाध्यक्ष गौरव



मिड्ढा ने कहा कि युवा वकील अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे और जनता को न्याय दिलाने के लिए दिल्ली कूच का कार्यक्रम भी बना सकते हैं। युवा महिला अधिवक्ता सुरभि आहूजा, मीरा चौहान, प्रियंका चिलाना तथा प्रियंका शर्मा ने कहा कि नैनीताल जैसी दुरूह जगह पर हाई कोर्ट होने से युवा महिलाओं वकीलों के लिए वकालत में आगे बढ़ने के तमाम रास्ते बंद हो चुके हैं। हम संघर्ष में अपने भाईयों के साथ हैं और कंधे से कंधा मिलाकर उच्च न्यायालय को रूद्रपुर स्थापित करवाएंगी। वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव फौगाट ने युवा वकीलों का आह्वान किया कि वे संघर्ष को अंतिम पायदान तक पहुंचाएंगे ऐसा मुझे विश्वास है और हम जीत अवश्य हासिल करेंगे। बार के पूर्व अध्यक्ष लोकतन्त्र सेनानी सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने कहा कि हमे अपने अंदर छुपे हुए उन वकीलों को बेनकाब करना है जो जनता की माँग को पूरा नहीं होने दे रहे और अपने प्रभाव का इस्तेमाल केवल अपने व्यक्तिगत हितों के लिए कर रहें हैं। बैठक में युवा अधिवक्ता राहुल , गुरुबज सिंह नारँग, सुरेन्द्र नरूला, जुगल गोस्वामी, हितेश छाबड़ा , सुगम गगनेजा, होमी कुरैशी, सौमिल घीक, रवि अरोरा, अखलाक मलिक, घनश्याम जोशी समेत तमाम वकील मौजूद थे। युवा अधिवक्ताओं को पूर्व शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र चौधरी, सुरेंद्र गिरधर समेत तमाम वरिष्ठ वकीलों ने सफलता के लिए शुभकामनायेँ दी।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

सितारगंज(उद संवाददाता) भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का नगर आगमन पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने दावा किया दोबारा नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने नगर निकाय चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी को ही टिकट देने की बात कही। रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष के होटल में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष चौहान ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। यहां हुई पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में हर वार्ड से भाजपा का प्रत्याशी उतारा जाएगा। पालिका अध्यक्ष पद पर जिताऊ प्रत्याशी को ही भाजपा टिकट देगी। उन्होंने कहा कि पालिका अध्यक्ष पद पर जिताऊ प्रत्याशी का चयन करने के लिए टीम बनाई जाएगी जो जनता और कार्यकर्ताओं में सर्वे करेगी। उन्होंने कहा कि आरक्षण तय होने के बाद प्रत्याशी के चयन को लेकर कारवाई



की जाएगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक , दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता , गोपाल बोरा, रवि रस्तोगी, महेश मित्तल , राकेश गुप्ता , सुखदेव सिंह , सोनल भुल्लर, दीपक गुप्ता, सुनीता राणा , राकेश त्यागी, संजय गोयल , अमित रस्तोगी, ललित सेक्सेना, राजू नगदली , सतीश उपाध्याय , जया जोशी , पंकज गहतोड़ी, राधेश्याम सागर , सतेंद्र दिवाकर , भोला जोशी, अरविंद चौरसिया , नितिन अरोरा, सरफराज अंसारी , मयंक अग्रवाल मौजूद थे।

# बच्चों का हुआ सुवर्णप्राशन संस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा बालिका विद्या मन्दिर जूनियर हाई स्कूल, जगतपुरा में एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के बच्चों को सुवर्णप्राशन संस्कार के अंतर्गत खुराक दी गई। सुवर्ण प्राशन संस्कार नवजात शिशु से लेकर 16 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को स्वर्ण भस्म, घृत, शहद आदि मिश्रित दो बूंद खुराक के रूप में दिया जाता है।प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जो कि लगभग 27 दिन बाद आता है यह खुराक दी जाती है। गरीब बस्तियों में जिन विद्यालयों में बच्चे कमजोर व गरीब तबके से हैं उन विद्यालयों में शाखा की ओर से यह खुराक प्रतिमाह निःशुल्क दी जाती है। उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रान्त की 20 शाखाओं में केवल विवेकानन्द शाखा ही ये शिविर आयोजित करती है। अब तक गाँधी कॉलोनी, रम्पुरा, जगतपुरा स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित 4 विद्यालयों व श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास में ये



खुराक बच्चों को दी जा चुकी है। सुवर्ण प्राशन संस्कार में दी जाने वाली खुराक से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, उनका मानसिक विकास होता है व उन्हें बीमारियों से लड़ने में सहायता करती है। आज 181 बच्चों को ड्रॉप्स दी गई। यह खुराक कक्कड़ हेल्थ केयर के डॉक्टर पवन कक्कड़ के सहयोग से दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार, भारत विकास परिषद, उत्तराखण्ड (पूर्व) के प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय राधू , प्रान्तीय संयोजक दिव्यांग सहायता विरेन्द्र कुमार सुखीजा, प्रान्तीय संयोजक भारत को जानो संजय खेड़ा, महिला संयोजिका ज्योति सुखीजा, स्नेह संजय राधू, रीमा खेड़ा आदि उपस्थित रहे।

# चोरी की दो बाईकों के साथ दो आटोलिफ्टर गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी की बुलेट सहित दो मोटरसाईकिलों के साथ दो



वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार संदीप देवराड़ी पुत्र लीलाधर देवराड़ी निवासी कोपा कृपाली गूलरभोज द्वारा दर्ज कराई गई रपट में कहा गया था कि उनकी बुलेट मोटरसाईकिल संख्या यूके 18 जे 1624 को घर के आँगन से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले की रपट दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मौ. आसिफ उर्फ सोनू पुत्र स्व. लल्ला शाह निवासी टाह ताह थाना नबाब गंज बरेली हाल निवासी ग्राम बरहैनी बुकसाड थाना बाजपुर व जितेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह निवासी महोली जंगल पोस्ट भुजवा नगला थाना कैलाखेडा को डलपुरा तिराहे गूलरभोज के पास चोरी हुई बुलेट मोटरसाईकिल संख्या यूके 18जे1624 व उनकी निशानदेही पर एक अन्य मोटर साईकिल, एक बैंग जिसमें चाँबियाँ, एक प्लास बरामद किया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान,उनि गणेश दत्त भट्ट,उनि मुकेश मिश्रा, कानि. रघुवर सिंह व लक्ष्मण कुमार शामिल थे।

# प्रो. पालीवाल बने लिनन सोसायटी लंदन के फेलो

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के वनस्पति विज्ञान के प्रो. एके पालीवाल को लिनन सोसायटी लंदन के फेलो बनने का सम्मान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि नवम्बर 2023 मे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रो. एके पालीवाल को देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता सम्मान से भी सम्मानित किया था। प्रोफेसर पालीवाल ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में विभिन्न पेपर्स प्रकाशित किए हैं और कोविड काल में विज्ञान पॉपुलरीजेशन सेल के तहत विज्ञान लोकीप्रियीकरण के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है। उन्होंने छात्रों के लिए ई-सामग्री भी तैयार की है। प्रोफेसर पालीवाल ने विशिष्ठ मुगा रेशम को बागेश्वर जनपद के गांवों में केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के वैज्ञानिक के सहयोग से सफलतापूर्वक स्थापित किया है। प्रोफेसर पालीवाल को उनके द्वारा प्रकाशित शोध कार्यों के क्रम में वनस्पति विज्ञान की राष्ट्रीय संस्थानों द्वारा एफबीएसएस और एफएपीएस पूर्व में प्रदान किया गया है। उनकी उपलब्धि पर शिक्षकों और छात्रों ने उन्हे बधाई दी है।



# नर्सिंग डे पर मरीजों को बांटे फल

बागेश्वर(उद संवाददाता)।अखिल आजाद,जिला अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों में तैनात स्टाफ नर्सों ने नर्सिंग



डे धूमधाम के साथ मनाया। नर्सिंग डे पर आयोजित गोष्ठी में अपने कार्यों एवं कर्तव्यों पर चर्चा की। अस्पताल में आने वाले हर मरीज के साथ सेवाभाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल बांटे। मरीजों के जल्द स्वस्थ्य होने की कानमना की।वही केक काटकर धूमधाम से नर्सिंग डे मनाय।,बैजनाथ अस्पताल में नर्सेज ने केक काटकर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया।मोहन सिंह मेहता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ में तैनात नर्सेज ने केक काटकर खुशी का इजहार किया। नर्सिंग ऑफिसर सुमन आर्या ने बताया कि 1820 में इसी दिन मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था। यही वजह है कि इस दिन को समाज और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में नर्सों के योगदान को याद करने,नर्सो के प्रोफेशन को बढ़ावा देने और सम्मान देने के मकसद से 1974 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेस द्वारा इसे मनाने की घोषणा की गई थी। तभी से 12मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। कहा कि किसी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान दवाओं और इलाज का होता है, उतना ही सही देखभाल का भी होता है। इसमें डॉक्टर्स के साथ ही नर्सेज भी बड़ी जिम्मेदारी निभाती हैं, जो 24 घंटे मरीज की देखरेख में लगी रहती हैं। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर सुजाना सिंह, अंजना नाथ, पम्मी कठायत, नोमिता सिंह,प्रेमा मनकोटी,वर्षा सिंह आदि मौजूद थे।वही जिला अस्पताल बागेश्वर में संतोष भंडारी, विमला महीश, केथरीन, अंजना, काजल, गीता, कुसुम, हेम खेतवाल, उर्मिला, उमा, निधि , दीपा, विमला आदि मौजूद रहे।

# उर्स में स्वास्थ्य शिविर के साथ अहल्बैत कांफ्रेंस आयोजित

## सिसईया गांव में खानकाहे आलिया कादरिया याकूबिया में हुआ आयोजन

सितारगंज(उद संवाददाता)। उर्स याकूबी, एजाजी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धन ग्रामीणों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की गई। उर्स में सोमवार की शाम अहलेबैत कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा जिसमें उलेमा तकरीर करेंगे। मंगलवार को कुल शरीफ, लंगर के साथ उर्स का समापन होगा। ग्राम सिसइया में खानकाहे आलिया कादरिया याकूबिया एजाजिया में दो दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। सोमवार को उर्स में गरीब निर्धन लोगों के इलाज के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया गया। इसमें मैक्स हॉस्पिटल रुद्रपुर से डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों का परीक्षण कर जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां वितरित। सज्जादा नशीन सैयद हैदर अली कादरी ने कहा कि सोमवार की शाम को शान ए अहलेहबैत कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा। 14 मई की सुबह कुल शरीफ और लंगर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों




की मदद और उनका सहारा बना सबसे बड़ा नेक का काम है, इससे अल्लाह राजी होता है। इसके साथ ही दिली सुकून भी मिलता है। उन्होंने कहा कि उर्स के दौरान बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प भी लिया जाएगा। इस मौके पर खानकाहे के मुख्य सेवादार सैयद मुजाहिद रिजवी, सैयद साजिद अली, सैयद अमजद अली, सैयद नासिर अली, डॉक्टर इरशाद अली, कमेटी के शरीफ रजा, शकील रजा, निशाद खान, फैजान खान, साकिब अंसारी मौजूद रहे।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133




# बैसाख महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम








## युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने के प्रति किया जागरूक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पहल सेवा ट्रस्ट द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित बैसाख महोत्सव में गत सायं जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची रही वहीं युवाओं को धर्म व संस्कृति के प्रति जागरुक करने पर जोर भी दिया गया। पहल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में नैनीताल मार्ग स्थित मॉल परिसर में द्वितीय बैसाख महोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक शिव अरोरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, वरिष्ठ समाज सेवी जसविंदर सिंह खरबंदा, मीरी पीरी खालसा अकादमी के प्रबंधक कर्नल (रि०) गुरदेव सिंह व सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। न्यू वुडलैंड एकेडमी की छात्राओं द्वारा महोत्सव के मंच पर नृत्य नाटिका के रूप में श्री गणेश वंदना की गयी जबकि मीरी पीरी खालसा अकादमी के छात्र-छात्राओं द्वारा शबद कीर्तन के माध्यम से गुरु महाराज की महिमा का बखान किया गया।विधायक शिव अरोरा ने पहल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित शर्मा द्वारा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने व सामाजिक समरसता एवं सनातन संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करने के लिये उनकी सराहना करते हुए कहा कि आज के आधुनिक व तकनीक प्रधान युग में अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने के लिये खास तौर से युवा पीढ़ी को जागरुक करना नितांत आवश्यक है।उन्होंने आह्वान किया कि सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को बाल्यकाल से ही पारिवारिक संस्कारों के साथ ही भारत के गौरवशाली अतीत के बारे में बताना चाहिये। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है और युवा वर्ग के कंधों पर विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण का खासा दारोमदार है। उन्होंने पहल




सेवा ट्रस्ट को बैसाख महोत्सव के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी वे ट्रस्ट द्वारा युवाओं को दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपना यथासंभव सहयोग प्रदान करेंगे। पीरी पीरी खालसा अकादमी,नवाबगंज के प्रबंधक कर्नल (रि०) गुरदेव सिंह ने गुरुनानक देव जी के समाज उत्थान के प्रति ललक का जिक्र करते हुए कहा कि सिख समाज द्वारा भारत की संस्कृति व सभ्यता की रक्षा के लिये दिये गये बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के लिये समाज के जिम्मेवार लोगों को अपनी भूमिका का बखूबी निर्वाह करना चाहिये। उन्होंने पहल सेवा ट्रस्ट द्वारा युवा वर्ग को भारत के गौरवशाली अतीत के प्रति जुड़ाव पैदा करने वाले कार्यक्रम आयोजित करने पर भविष्य में भी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित शर्मा ने द्वितीय बैसाख महोत्सव की सफलता के लिये सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि ट्रस्ट द्वारा खास तौर युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर सतत प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में युवाओं को बाल्य अवस्था से ही मेरिट के जाल में उलझने को विवश होना पड़ता है। जिस कारण अपनी संस्कृति, सभ्यता व परंपराओं मे प्रति लगाव और जुड़ाव से वे समुचित ढंग से नहीं जुड़ पाते हैं। उन्होंने भारत को विश्व गुरु की पदवी पाने के लिये देश के युवा वर्ग को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की अपील करते हुए दावा किया कि उनका ट्रस्ट भविष्य में भी सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संवर्धन और युवाओं को प्रेरित करने के निमित्त कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करता रहेगा। इस दौरान नगर निगम काशीपुर के उप नगर आयुक्त रोहिताश शर्मा, सीकेजी ग्रुप के सीएमडी करुण गुप्ता,धर्म सिंह कोली, सचिन छाबड़ा, ज्योति राज, हेमंत नरूला, युगराज रघुवंशी, विराट आर्य, मोर सिंह यादव, हरविंदर सिंह चुघ, बलजिंदर सिंह चंदी, सोनू अनेजा, अशोक सागर, ममता जीना, देवीलाल, दिलीप अधिकारी, दलजीत सिंह, ज्योति अग्रवाल, परमिंदर सिंह, अल्का अरोरा, सिमरन, बबली, अक्षय आहूजा, राजेंद्र सिंह समेत सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीना तिवारी ने किया।




## विधायक सुमित ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेंद्र नगर वार्ड 12 राजपुरा स्थित चामुंडा मंदिर जन मिलन केंद्र में मां चामुण्डा मानव विकास सेवा समिति द्वारा स्व. बालकिशन देवकी देवी चौरिटेबल ब्लड बैंक, हल्द्वानी के विशेष सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक सुमित हृदयेश ने रिबन कट करके किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में खून की डिमांड काफी ज्यादा रहती है।ऐसे समय में रक्तदान शिविर का आयोजन बहुत ही नेक कार्य है। इस रक्तदान शिविर मे अपना अमूल्य सहयोग देने के लिए विधायक सुमितने सभी रक्तदान दाताओं का आभार व्यक्त करते हुवे आयोजक मंडल मां चामुण्डा मानव विकास सेवा समिति




परिवार को सफल शिविर के लिये बधाई दी। शिविर में 25 लोगो ने रक्तदान किया।नइस दौरान समिति अध्यक्ष विक्रम रंधावा, मलय बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट रज्जी, योगेश जोशी, सुमित कुमार, नेहा, त्रिलोक बनोली, अविनाश रंधावा, हरकेश सिंह, राजो टंडन, शशि आर्या, विरमा चौहान, बेनेट चरण, मनीष चौहान, प्रियांशु आर्य, श्याम बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट में मनाया विश्व नर्सेस दिवस



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व नर्सेस दिवस का आयोजन बड़े हर्षोउल्लास के साथ किया गयाए जिसका शुभारम्भ संस्थान के निदेशिका डाण् श्रीमती सीमा अरोरा, प्रबन्ध निदेशक श्री शिव अरोरा, चेयरमैन श्री राजेश डाबर, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी श्री ललित सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा जोशी एएनएम जिला हॉस्पिटल रुद्रपुर, विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुश्री कल्पलता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात छात्रों के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के साथ किया गया। जिसमे उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल द लेडी विद द लैंप की क्रीमिया युद्ध के घायल सैनिकों के प्रति निस्वार्थ सेवा भावना को व्यक्त किया एवं सभी नर्सिंग छात्रों को भी फ्लोरेंस नाइटिंगेल जैसे एक निस्वार्थ सेवा भाव के साथ समाज के लिए एक अच्छे नर्स बनने हुते प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग विभाग के छात्रों द्वारा नर्सिंग दिवस पर आधारित विभिन्न प्रकार के पोस्टरए मॉडल आदि बनाये गये जिसमे प्रथम पुरुस्कार छात्रा सोनिया एवं लक्ष्मी प्रजापति को दिया गया जबकि मॉडल प्रतियोगिता में शान्ति, शेफाली, सोनू, विक्की एवं विवेक को प्रथम पुरुस्कार दिया गया। साथ ही साथ छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वास्थवर्धक पकवान भी बनाया गया जिसे संस्थान के सभी शिक्षको को खिलाया गया एवं एक पौष्टिक भोजन का हमारे स्वास्थ पर होने वाले विभिन्न अनुकूल प्रभावों के बारे में जागरूक किया गयाए जिसका सभी शिक्षको द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गयी। मुख्यातिथि श्रीमती दीपा जोशी ने छात्रों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनसे राष्ट्रहित एवं जनहित हेतु निस्वार्थ सेवा के लिए छात्र.छात्राओं को प्रेरित किया।उन्होंने बताया कि 35 वर्षो के निस्वार्थ सेवा के फलस्वरूप ही उन्हें वर्ष 2016 में राष्ट्रपति द्वारा फ्लोरेंस नाईट एंगल पुरुस्कार से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधकीय सदस्य श्री वंश डावरए प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी श्री ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह, विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुश्री कल्पलता सिंह, संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अनुभव बाठला ने सभी नर्सिंग विभाग के छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नर्सिंग दिवस की बधाई दी।

# स्टार्ट इंस्टीट्यूट में डीपीएस के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट में डीपीएस के छात्र- छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण किया। संस्थान की डायरेक्टर डॉ माधवी अवस्थी द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया तथा उन्हें मेंटल हेल्थ और डिसेबिलिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्थान की कोऑर्डिनेटर श्रीमती शकुंतला मेहता ने संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान



की। संस्थान के बच्चों ने उनके स्वागत पर 'सुस्वागतम' में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया और 'हम होंगे कामयाब' गाना दोनों ही संस्थान के बच्चों ने मिलकर गाया। बच्चों ने डी.पी.एस के शिक्षक व बच्चों का स्वागत गिफ्ट देकर किया ।डी. पी.एस के छात्र-छात्राओं ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटा। इस अवसर पर संस्थान के दिव्यांग बच्चों डी.पी.एस के साइकोलॉजी ग्रुप के बच्चे व स्टाफ उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय में मनाया नर्सेज दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय के सभागार में विश्व नर्सेस दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष फ्लोरेस नाइटिंगेल के जन्म दिन को नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। फ्लोरेस नाइटिंगेल ही आधुनिक नर्सिंग की सस्थापक थी। फ्लोरेस ने गरीब एवं बीमारो को सेवा के रूप में अपनाया। यह दिन नर्सों के महत्व और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर पीएमएस डा. आरके सिन्हा, डा .पकज माथुर, डा. मनु माथुर, डा० सतवन्त कौर, डा. तनुजा मिन्हा, नर्सिंग अधीक्षक मंजू केड़ा, रिचा मिश्रा, शास्वत कुमार, जानकी खड़ायत, कुलदीप कौर, भावना पाण्डे आदि स्टाफ उपस्थित था।



# होली चाइल्ड स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में उल्लासमय वातावरण में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माताओं के निःस्वार्थ प्रेम व समर्पण के प्रति एक प्रेमपूर्वक श्रद्धांजलि थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमति सुमन बत्रा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात् नन्हे-मुन्ने बच्चों के मनमोहन नृत्य व मधुर गान की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी मासूमियत और उत्साह ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं की बहुमुखी व प्रतिभाशाली माताओं द्वारा एकल नृत्य प्रर्दशन था जिन्होंने अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि होली चाइल्ड स्कूल द्वारा प्रदत्त मंच पर नृत्य प्रस्तुति एक सुखद अनुभूति व अनुभव रहा।इसके अलावा फैशन शो कार्यक्रम का एक और रोमांचक भाग था जहाँ माँ और उनके बच्चे एक साथ रैंप पर चले। उनकी मनमोहक जोड़ियों ने शो में धूम मचा दी। दर्शक उनके उत्साहवर्धन हेतु तालियाँ बजाने से अपने आप को नहीं रोक पाए। माताओं के इन अद्‌भुत प्रदर्शनों के अलावा उनके लिए खेलों का भी आयोजन किया गया। इन खेलों में माताओं ने खूब आनन्द उठाया जिसने उनके उत्साह और उल्लास को और बढ़ा दिया।नृत्य , फैशन शो व खेल की विजेता माताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य श्री मिन्टू दूबे ने कार्यक्रम के जबरदस्त सफलता पर सभी बच्चों व माताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके प्यार समर्थन और उत्साह ही विद्यालय को बेहतर बनाता है। हम आपको विद्यालय परिवार का हिस्सा पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। मातृ दिवस को इतना खास और यादगार बनाने के लिए सबका धन्यवाद। इस अवसर पर विद्यालय के सरपरस्त श्री योगराज बत्रा, चेयरमैन श्री आर के बत्रा, वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, श्री विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य श्री प्रदीप कुमार जोशी एवं श्रीमति मंजू अधिकारी ने मातृ दिवस पर शुभकामनाएँ दीं।






# श्री गोस्वामी आश्रम सूरजपुर में वार्षिकोत्सव की धूम

## आज रात्रि सजेगा श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार



गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री गोस्वामी आश्रम सूरजपुर गदरपुर रोड का वार्षिक उत्सव बाबा भक्तों द्वारा आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आज सुबह श्री गोस्वामी आश्रम में बाबा भक्तों ने श्री बालाजी महाराज को चोला श्रृंगार अर्पित किया गया और बालाजी महाराज, भैरो बाबा प्रेतराज, महादेव, काली मैया की आरती कर श्री बालाजी महाराज की महिमा का भजनों के द्वारा गुणगान किया। आज रात्रि 9 बजे से भव्य श्री बाला जी का दरबार आयोजित किया जाएगा। कल मंगलवार 14 मई को श्री रामायण पाठ का भोग सत्संग एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, श्री बॉबी गोस्वामी जी गुरुजी, वीरेंद्र ग्रोवर, हार्वेस मनोचा, हरजीत राठी, देव मेनन, ललित नारंग, मुकेश शर्मा, दीपक शर्मा, संदीप गुंबर, शिवम त्रिपाठी, विनोद, सुरेश ग्रोवर, अंकुश, शुभम गाबा, धीरज गोस्वामी आदि सैकड़ों बाबा भक्त मौजूद रहे।

# हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से व्यापारी की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के घोड़ानाला में घर छत में कार्य कर रहे व्यवसायी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने जाने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। व्यवसायी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उधर स्थानीय लोगों में हाईटेंशन लाइन को लेकर पहले से ही काफी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।जानकारी के अनुसार लालकुआं के घोड़ानाला क्षेत्र के निवासी 51 वर्षीय हयात सिंह कठायतअपने घर की छत में मकान बनाने की तैयारी कर रहे थे। तभी वह अचानक घर के पास से होकर गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के चपेट में आ गए और करंट लग जाने से झुलसी अवस्था में छिटक कर छत से नीचे आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन- फानन में उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक का एक बेटा गुजरात में नौकरी करता है, जबकि एक बेटा घर पर ही रहता है।

# केदारनाथ के लिए हेली सेवा बुकिंग के नाम पर डॉक्टर से 1.30 लाख ठगे

देहरादून। फर्जी वेबसाइट के जरिए केदारनाथ के लिए हेली सेवा बुक के नाम पर डॉक्टर से 1.30 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, जलवायु टावर झाझरा निवासी डॉ. परितोष कुमार महंता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वे केकेबीएम सुभारती अस्पताल में मेडिसिन विशेषज्ञ के पद पर तैनात हैं। उन्हें केदारनाथ यात्रा के लिए हेली सेवा की बुकिंग करानी थी। उन्हें कहीं से नंबर मिला था।इस पर बात की तो बताया गया कि वह पवन हंस हेली सेवा के लिए टिकट बुक करते हैं। इसके बाद उनसे एडवांस में यात्रा भुगतान और बीमा आदि के नाम पर पैसे जमा करा लिए। उन्हें बताया गया कि पांच लोगों के टिकट बुक कर दिए हैं। इसके बाद उन्हें टिकट भी भेज दिए। साथ ही बताया गया कि बीमा की जो रकम ली जा रही है, वह बाद में उनके खाते में वापस आ जाएगी। इसी तरह उन्हें झांसे में लेकर 1.30 लाख रुपये ठग लिए गए। उन्हें धोखाधड़ी का अहसास हुआ तो पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अब टिफिन टॉप जाने में भी लोगों को लगेगा शुल्क

नैनीताल। नगर के टिफिनटॉप में जाने के लिए वन विभाग की ओर से नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब पैदल टिफिन टॉप तक जाने के लिए लोगों को 50 तथा घुड़सवारी करके जाने वालों को 100 रुपये शुल्क देना होगा। वन विभाग की ओर से बारापत्थर घोड़ा स्टैंड, शेरवुड मार्ग व आयारपाटा मार्ग पर कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। नैनीताल के टिफिन टॉप में प्रतिमाह हजारों सैलानी जाते हैं। जिसमें बारापत्थर से घोड़ों पर व शेरवुड और अयारपाटा मार्ग से पैदल पर्यटक घूमने पहुंचते हैं। हजारों सैलानियों के पहुंचने के चलते क्षेत्र के जंगल में कूड़ा व प्लास्टिक फैलता है। जिसको रोकने के लिए वन विभाग की ओर से टिफिन टॉप जाने वाले लोगों के लिए टिकट व्यवस्था शुरू की जा चुकी है। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि विभाग की ओर से बारापत्थर घोड़ा स्टैंड, आयार पाटा में आयार जंगल कैंप के समीप व शेरवुड रोड पर कर्मचारियों को तैनात किया गया है। 150 से 200 लोग शुल्क देकर प्रति दिन टिफिन टॉप घूमने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही नैना पीक की तर्ज पर पर्यटकों की ओर से पॉलीथिन व प्लास्टिक की बोतल साथ ले जाने वालों की एंट्री की जाएगी।

# होटल मैनेजमेंट के छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

लालकुआं। होटल मैनेजमेंट के छात्र की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने 108 सेवा के कर्मचारियों पर नशे में धुत्त होने के चलते देर से अस्पताल पहुंचाने का आरोप लगाया है।पश्चिमी राजीव नगर घोड़ानाला निवासी गौतम बहुगुणा (24) पुत्र जगदीश बहुगुणा हल्द्वानी के कठघरिया में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को उसके सीने में तेज दर्द उठा। परिजनों ने 108 एवं 112 सेवा दोनों पर कॉल की। काफी देर तक दोनों मौके पर नहीं पहुंचे तो परिजन उसे टुकटुक से लालकुआं ले गए इसबीच 112 सेवा मौके पर पहुंची और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत बिगड़ने पर हल्द्वानी रेफर किया। परिजनों का आरोप है कि 108 सेवा कोतवाली के सामने खड़े होने के बावजूद मरीज को लेने नहीं पहुंची। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौतम बहुगुणा के पिता जगदीश बहुगुणा ने 108 के कर्मचारी पर नशा करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समय पर 108 सेवा पहुंच जाती तो उनका बेटा बच सकता था।

उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# केजरीवाल को जमानत

न्याय की कसौटी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की यह दलील कि उन्हें चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत चाहिए का जिस तरह प्रवर्तन निदेशालय (ईंडी) की तरफ से विरोध किया गया उससे उच्चतम न्यायालय के लिए जमानत का आदेश देना मुश्किल हो जाना स्वाभाविक है। दरअसल दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही एवं न्याय संगत ठहराने के बाद केजरीवाल के पास यह सबसे अच्छी दलील बची थी कि वह ईंडी पर आरोप लगाएं कि उसने राजनीति से प्रभावित होकर सीएम को गिरफ्तार किया। पीठ की तरफ से जिस तरह तीखे सवालों का जवाब ईंडी की तरफ से बहस कर रहे अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एसपी राजू को देना पड़ रहा था, उससे तो यही लग रहा था कि जन प्रतिनिधियों को चुनाव प्रचार करने के विशेषाधिकार के तहत जेल से बाहर होना चाहिए। यही आपत्ति सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उठाई। उन्होंने पीठ के सामने दलील रखी कि फिर तो राजनेताओं और आम आरोपी के बीच अंतर रखने की नजीर बन जाएगी। मेहता की इसी आपत्ति के बाद पीठ को भी कदाचित एहसास हुआ कि मेहता की आपत्ति सही है। मेहता ने यह भी दलील दी कि यदि ईंडी की नोटिस पर केजरीवाल पहले ही पेश हो गए होते तो शायद वह गिरफ्तार ही नहीं होते। केजरीवाल को ईंडी की तरफ से पहला नोटिस अक्टूबर 2023 में मिला था, तब उन्होंने कहा था यह नोटिस ईंडी का नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का है, इसलिए वह नोटिस को मानते ही नहीं, पहला नोटिस के सात-आठ महीने बाद चुनाव-प्रचार का अवसर आ गया है। हैरानी की बात है कि जिस नोटिस को केजरीवाल किसी राजनीतिक पार्टी का नोटिस बताकर उपहास उड़ाते थे उसी को लेकर अब वह निचली अदालत, हाई कोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट तक गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें ईंडी ने गिरफ्तार कर लिया और अब आप जमानत दे दीजिए। केजरीवाल के नैतिक उपदेश प्राय: इसी प्रसंग पर होते रहे हैं कि जो भी शासकीय कुर्सी पर बैठकर भ्रष्टाचार करे उसे जेल में डालो। यही नहीं उन्होंने तो यहां तक नैतिकता झाड़ी थी कि यदि शासकीय कुर्सी पर बैठकर वह भी भ्रष्टाचार करें तो उन्हें भी जेल में डाल दिया जाना चाहिए। अभी तो एक दशक भी नहीं बीते केजरीवाल के नैतिक मानदंड में इतना बदलाव आना आश्चर्य की बात है। लब्बोलुआब यह है कि यदि चुनाव प्रचार के लिए आरोपी को जमानत मिलती है तो फिर यह सुविधा तो हेमंत सोरेन और के. कविता को भी मिलनी चाहिए क्योंकि ये दोनों भी जन प्रतिनिधि हैं। इतना ही नहीं जब कभी चुनाव होंगे तो चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के पहले और चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक किसी राजनेता को किसी एजेंसी द्वारा गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं पड़ेगी। ऐसा इसलिए कि चुनाव प्रचार के लिए जमानत की अर्जी पर तत्काल राहत तो नहीं मिली है लेकिन जिस तरह का यह मामला है उसके दूरगामी परिणाम होंगे। इसलिए लोगों की भी निगाहें कोर्ट के पैसले की तरफ लगी हुई है। अब न्यायपालिका को अब यह ध्यान रखना होगा कि उस पर दोहरे मानदंड पर अपनाने के लिए अंगुली न उठे।

# पर्यावरण संरक्षण के साथ कृषि उत्पादन को समृद्ध बनाने पर जोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपनाने वाले किसानों के लिए कार्बन वित्त परियोजना पर स्थानीय हितधारक परामर्श पर वराहा क्लाइमेट एजी कम्पनी एवं कृषि विभाग के सहयोग से विकास भवन सभागार रुदपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वराहा क्लाइमेट एजी कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबन्धक धीरज भट्ट ने बताया की कृषक, पुनर्याजी कृषि पद्धतियों जैसे धान की सीधी बीजाई. जैविक खेती, दलहनी फसलों की खेती, फसल अवशेष प्रबन्धन, जीरो टिलेज, जैविक खेती के द्वारा कार्बन क्रेडिट अर्जित कर अतिरिक्त कृषि आय प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही जो किसान अपने खेतों में किसी प्रकार की पुनर्योजी खेती का अभ्यास कर रहे है। हितधारक परामर्श बैठक में धीरज भट्ट ने बताया कि कार्बन क्रेडिट क्या होते है? कैसे बनते है? तथा इसके क्या लाभ है? और किसान कैसे इस परियोजना के साथ जुड़ सकते है? इस सब बातों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण, फसल विविधता, और पर्यावरण को



उद्धरण करने के लिए आधुनिक कृषि तकनीको पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कृषि नवाचार को बढ़ावा देने और सतत समृद्ध कृषि विकास को प्रोत्साहित करने में सहयोग और साझेदारी की महत्वता को उजागर किया। साथ ही श्री भट्ट के द्वारा अवगत कराया गया, कि परियोजना की प्रचार-प्रसार हेतु विकास खण्ड स्तर पर भी बैठकों का आयोजन कराया जायेगा, जिससे इस परियोजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक कृषकों को जोड़ कर सत्त कृषि उत्पादन कर कृषि आय में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी किया जा सके। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ ए.के. वर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी संगीता आर्य, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहित सहायक आयुक्त गन्ना विभाग, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, एन आर एल एम, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठन के अध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न एफपीओ के प्रतिनिधियों आदि ने प्रतिभाग किया।

# जनपद में नशे के मजबूत नेटवर्क को नहीं तोड़ पा रही है पुलिस

काशीपुर(उद संवाददाता)। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र में नशे की मजबूत नेटवर्क को पुलिस नहीं तोड़ पा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यदि इस प्रकरण को स्वयं गंभीरता से लेकर जांच कराएं तो कुछ ऐसे चेहरे उजागर हो जाएंगे जो नशे के खिलाफ चलाएं अभियान को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले कई वर्षों से पोस्टमार्टम हाउस के सामने मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती में भाभी नामक एक महिला डंके की चोट पर चरस (सुल्फा) बेचने का काम कर रही है। सूत्रों की माने तो यह महिला एक दिन में 15 से 20 हजार रुपए तक की नशा सामग्री खपत कर देती है। इस लिहाज से देखा जाए तो पांच लाख रुपए से भी अधिक की नशा सामग्री को अकेले एक महिला प्रतिमाह खपत कर रही है। जानकार बताते हैं कि उक्त महिला के तार राज्य की सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के बिजनौर मुरादाबाद रामपुर तथा बरेली के बड़े नशा कारोबारियों से जुड़े हैं। मजे की बात यह है कि यह महिला पूर्व में आधा दर्जन से अधिक बार जेल की हवा खा चुकी है लेकिन जमानत पर छूटने के बाद उसका गैर कानूनी धंधा बड़े ही आराम से सिर उठा लेता है। यही नहीं बल्कि इस महिला के एक पुत्र को भी पुलिस पूर्व में कई बार नशा सामग्री बेचने के आरोप में जेल भेज चुकी है। सूत्र बताते हैं कि महिला का यही पुत्र कानून से बचने के लिए सेटिंग करने का काम करता है। कटोराताल पुलिस चौकी से महज कुछ दूरी पर घनी आबादी वाले मोहल्ले में राधा और दीपक नामक दंपति कई वर्षों से अवैध कच्ची शराब की कारोबार को कुटीर उद्योग के रूप में अपनाए हुए हैं। दंपति के खिलाफ पुलिस ने पूर्व में कई बार आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही भी किया लेकिन गोरखधंधा आज तक बंद नहीं हो सका। जानकार बताते हैं कि आज भी दंपति पुलिस की नाक के नीचे बड़े पैमाने पर जहरीली कच्ची शराब बेचने का काम कर रहे हैं।

## देशी शराब के साथ एक पकड़ा

हल्द्वानी। पुलिस ने एक आरोपी को देशी शराब के साथ खिलाफ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मेडिकल चौकी पुलिस क्षेत्र में चौकिंग पर थी। पुलिस जब आईटीआई तिराहा रामपुर रोड पहुची तो मुखबिर ने सूचना दी कि आईटीआई के निकट एक होटल के बराबर मे बने दो खोको के बीच एक युवक शराब बेच रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे धर दबोचा। उसके पास मिले कट्टे की तलाश ली गई तो उसमें देशी शराब के 52 पव्वे बरामद हुए। पकडत्रे गए आरोपी ने अपना नाम सोनू कार्की पुत्र रमेश कार्की निवासी न्यू आईटीआई के पीछे डहरिया बताया।

# राज्यपाल ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा







देहरादून/रुद्रप्रयाग/चमोली(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) रविवार को बाबा केदारनाथ के दर्शन करने केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व एवं जन कल्याण के लिए कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा भी की। राज्यपाल ने धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने की अपील की। राज्यपाल ने जिलाधिकारी एवं श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए केदारनाथ धाम एवं पूरी यात्रा को प्लास्टिक फ्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बात कर यात्रा मार्ग में प्लास्टिक के उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने जिलाधिकारी को इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। राज्यपाल ने ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अभिनंदन करने के बाद तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा। पूजा-अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए उनकी यात्रा एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने जिलाधिकारी से केदारपुरी में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उन्हें विभिन्न चरणों में केदार घाटी में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट पेश करते हुए आने वाले समय में होने वाले कार्यों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दे रहे स्वच्छता कर्मचारियों, डॉक्टर्स की टीम, जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मंदिर समिति के सभी लोगों की सराहना करते हुए सभी को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इसके उपरांत राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) कपाट खुलने के अवसर पर बदरीनाथ पहुंचे जहां उन्होंने भगवान बद्री विशाल के दर्शन व पूजा करते हुए देश और प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल ने कपाट खुलने पर श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना भी की।इस दौरान राज्यपाल ने बदरीनाथ आए श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। बदरीनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए राज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय में बदरीनाथ धाम और भी दिव्य और भव्य नजर आएगा। उन्होंने विषम परिस्थितियों में बदरीनाथ महायोजना के कार्यों में जुटे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों प्रशंसा करते हुए शाबासी दी। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग डॉ. सौरभ गहरवार, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ. विशाखा एवं पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार उपस्थित रहे।



# सुलह और समझौते के आधार पर लोक अदालत में हुआ 72 मामलों का निस्तारण

बागेश्वर(उद संवाददाता)।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला न्यायालय, बागेश्वर एवं बाह्य न्यायालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र दत्त की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत विभिन्न वादकारियों की सुलह समझौते के आधार पर कई मामलों का निराकरण किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और सिविल जज सीनियर डिवीजन जयेंद्र सिंह ने बताया कि सभी वादकारियों को सुलभ और सुलह समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के न्यायालयी वादों का सुलह समझौते के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन हुआ।जिसमें जिला जज नरेंद्र सिंह की अदालत बेंच संख्या-एक में 138 एनआई एक्ट एवं प्रकीर्ण सिविल अपील से सम्बन्धित कुल तीन प्रकरणों का निस्तारण कर सात लाख बावन हजार का समझौता किया गया।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गुंजन सिंह की अदालत बेंच संख्या-दो में 138 एनआई एक्ट, फौजदारी तथा मोटर वाहन अधिनियम से सम्बन्धित कुल 61 प्रकरणों का निस्तारण कर 12 लाख 71 हजार, 400 रुपए का समझौता किया गया। सिविल जजसीनियर डिवीजन नीरज कुमार,की



बेंच संख्या-तीन में दीवानी वाद एवं धन वसूली वादों से सम्बन्धित कुल छः प्रकरणों का निस्तारण कर 15लाख,सात हजार,868रुपए का समझौता किया गया। इसके अलावा बैंक से सम्बन्धित कुल 23 प्री-लिटिगेशन के मामलों का निस्तारण कर 32लाख, 40हजार,251रुपए का समझौता किया गया। सिविल जज (जूनियर डिवीजन)सुश्री जैनब, न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरूड़ बेंच संख्या-चार में आपराधिक शमनीय प्रकृति के वाद तथा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित कुल दो वादों का निस्तारण कर दो लाख रुपए का समझौता किया गया। वही सभी वादकारियों ने लोक अदालत के द्वारा मामलों का समय से निस्तारण होने पर न्यायालय का आभार जताया।


# श्री बाला जी दरबार

श्री गोस्वामी आश्रम,सूरजपुर के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भण्डारा एवं भव्य दरबार में आप सादर आमंत्रित है।

दिनांक 13 मई 2024, दिन सोमवार रात्रि 9.00 बजे से

स्थान- श्री गोस्वामी आश्रम,सूरजपुर(गदरपुर)

निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट,रूद्रपुर


# जनता ने रखी बेहड़ के समक्ष समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास किच्छा स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हेतु आवशयक कार्यवाही की । प्रत्येक सोमवार को विधायक बेहड के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी।श्री बेहड ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान जलीस अहमद सिरौलीकला निवासी ने वार्ड न०20 सिरौलीकला में 90 मीटर सड़क का निर्माण कराये जाने,भगवान दास ग्राम सभा नजीमाबाद के ग्राम माता फार्म में दो सड़कों के निर्माण कराये



जाने,शकुन्तला वार्ड न०-13 निवासी ने पति को नौकरी दिलाये जाने, बखपुर निवासी महवीर सिंह ने अपने घर के ऊपर विधुत लाईट हटाये जाने की मांग की, मंजीत कौर निवासी बखपुर ने पति की मृत्यु उपरान्त आर्थिक सहायता दिलाये जाने,लोकेश साहनी ने स्कूल की फीस माफ कराये जाने, व वार्ड न०-05 बंडिया किच्छा के निवासियों ने 200 मीटर सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की। विधायक बेहड़ ने अधिकाँश समस्याओं का मौके पर ही निश्तारण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के हल करने कहा और सभी क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया की सभी समस्याओं का निस्तारण अवश्य कराया जायेगा।

# रामनगर मे कक्षा 8वी के हेमंत पांडे ने लिखी वर्ल्ड हिस्ट्री पर किताब का हुआ विमोचन

रामनगर(उद संवाददाता)। नगर के एक निजी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 13वर्ष के छात्र हेमंत पांडे ने पढ़ाई के साथ-साथ छोटी उम्र में ही वर्ल्ड हिस्ट्री पर एक किताब लिखी है, जिसका देर शाम रामनगर के ढिकुली क्षेत्र के निजी रिसोर्ट में भव्य तरीके से विमोचन हुआ। हेमंत ने जो किताब लिखी है उसका नाम दिया है- खोजकर्ताओं की कहानी,समय के साथ मानवता की कहानी। जो पूरे विश्व पर आधारित है,जो 133 पेज की है और जिसको लिखने में हेमंत को 6 माह से ज्यादा का समय लगा। वहीं मीडिया से रूबरू होते हुए



छात्र हेमंत पांडे ने कहा कि जब उसने इसको लिखना शुरू किया तो उस वक्त केवल अपनी जानकारी के लिए इनफॉरमेशन के तौर पर वह इसको लिख रहे थे। हेमंत ने बताया कि लिखते लिखते वह कई 100 पेज में बदल गई, तो उनके पिताजी की प्रेरणा से की पिता ने बोला कि जब तुम लिखी ही रहे हो तो इसको किताब के फॉर्मेट में लिखो और उसी से प्रेरणा लेकर मैंने इस किताब को लिख दिया,हेमन्त कहते है कि इस किताब को मैन मनुष्य इस पृथ्वी पर कब से रह रहे है,और हमने केवल हाथों से शुरुआत की, फिर आग पर नियंत्रण करना सीखा, बेहतर उपकरण बनाने के लिए संसाधनों का उपयोग किया, समाज और साम्राज्य बनाए, दुनिया का औद्योगीकरण किया और अपने परिवेश को बदल दिया और अब अंतरिक्ष में उद्यम करना शुरू किया। हमने अपने लिए एक बहुत लंबा इतिहास रचा है, इसलिए इसे ठीक से समझने के लिए हमने इस इतिहास को युगों या कालखंडों में विभाजित किया है। किसी काल या युग को हम उसकी निरंतरता से परिभाषित करते हैं, जब निरंतरता में परिवर्तन होता है तो एक नये युग का आरंभ होता है आदि इन्ही सभी बिंदुओं पर मैंने इस किताब को लिखा है। वहीं 13 वर्षीय हेमंत पांडे के द्वारा लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे प्रोफेसर डॉ डीएस बिष्ट (रिटायर्ड हेड ऑफ डिपार्टमेंट कुमाऊं विश्व विद्यालय नैनीताल)ने इस उपलब्धि पर हेमंत को बधाई देने के साथ ही कहा कि आज बच्चे लिखने व पढ़ने से दूर जा रहे हैं, उन्होंने सभी अभिभावकों से कहाँ कि वे अपने बच्चों को ऐसा माहौल दें कि वे रचनात्मक तरीके से आगे बढ़े उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में किताब लिखना अपने आप में बहुत ही सराहनी है, इसको लेकर उन्होंने उनके पूरे परिवार को बधाई दी।

# जौलकांडे की नेहा बनी नर्सिंग लेफिटनेंट

बागेश्वर। बागेश्वर विकास खंड के जौलकांडे गांव की बेटी नैना लोहुमी ने मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेज की परीक्षा पास की है। उनकी तैनाती नर्सिंग लेफिटनेंट पद पर होगी। उनकी इस सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है। जिला मुख्यालय से सटे हुए जौलकांडे गांव के ढूंगाधारा तोक निवासी नवीन चंद्र लोहुमी व दुर्गा लोहुमी की पुत्री नेहा लोहुमी ने नर्सिंग लेफिटनेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। नेहा बचपन से ही कुशाग्र थी। नेहा ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में रहकर ही की तथा गांव से ही जिला मुख्यालय के मंडलसेरा स्थित विवेकानंद राजकीय



इंटरकालेज मंडलसेरा पैदल पहुंचकर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने बरेली से जेएनएम व पोस्ट नर्सिंग बीएससी किया। इसके पश्चात कुछ माह तक परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने गत दिवस मिल्ट्री। । नर्सिंग सर्विसेज की परीक्षा पास की है। नेहा के पिता नवीन लोहुमी पूर्व सैनिक हैं तथा वर्तमान में कूर्मांचल बैंक में अभिकर्ता हैं तथा माता गृहिणी है। उनकी इस उपलब्धि पर नंदा बल्लभ लोहुमी, बसंत लोहुमी, महेंद्र लोहुमी, जीवन लोहुमी, कैलाश लोहुमी, विनोद लोहुमी, अशोक लोहुमी, मनोज लोहुमी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं नेहा की सफलता से क्षेत्र मे ं खुशी की लहर छायी हुई है।

# बगैर एनओसी के संचालित अस्पतालों पर नहीं हो रही कार्यवाही

काशीपुर(उद संवाददाता)। देश के नामी गिरामी अस्पतालों के नाम पर डुप्लीकेसी कर यहां काशीपुर में संचालित हो रहे कुछ तथा कथित अस्पतालों पर अभी कार्यवाही की गाज नहीं गिरी है। ऐसे अस्पताल के संचालकों के बारे में सूत्रों का कहना है कि यह स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से सांठगांठ बनाए हुए हैं। मजे की बात तो यह है कि इन अस्पतालों को विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी निर्गत नहीं किए गए हैं। बता दे की पिछले 2 वर्ष के भीतर काशीपुर में नियम कायदों को ताप पर रखकर डेढ़ दर्जन से भी अधिक कथित प्राइवेट हॉस्पिटल खुल गए हैं। दलाली तथा कमीशन खोरी के ढेर पर चलने वाले इन अस्पतालों की हालत ऐसी है कि यदि मरीज गलती से भी इन अस्पतालों में पहुंच गया तो उपचार के नाम पर उसका आर्थिक दोहन ही नहीं किया जाता वर्णन उसकी जिंदगी से भी डग्गामार डॉक्टर खुलेआम खिलवाड़ करते हैं। लगभग सप्ताह भरपूर्व डुप्लीकेसी कर संचालित कुछ अस्पतालों के बारे में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बावजूद स्वास्थ्य महत्व ने अब तक अस्पतालों की गतिविधियों की जांच पड़ताल नहीं की। जानकार बताते हैं कि ऐसी अस्पतालों की गतिविधियां यदि बारीकी से जांची जाएगी तो बड़ा गोलमाल उजागर हो सकता है। बैलजोड़ी मोड तथा मुरादाबाद रोड पर फोरलेन से आगे ऐसे ही कुछ अस्पताल संचालित है। इनमें से एक अस्पताल तो ऐसा है जो मधुमेह की दवाओ के लिए प्रसिद्धि हासिल कर रहा है जबकि रोगियों को गुमराह करने के अलावा यहां ऐसा कुछ भी नहीं है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

हल्द्वानी। पुलिस ने एक सटोरिए को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गैंबलिग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान जवाहर नगर जाम फैक्ट्री के पास सट्टे की खाईबाडी कर रहे एक युवक को धर दबोचा। पकड़े गए युवक ने अपना नाम जिया अहमद उर्फ मुन्ना पुत्र स्व. अखलाक अहमद निवासी मो. चकमहमूद मकबरे वाली मस्जिद के पास बरेली हाल निवासी आबिद पुत्र वहीद निवासी वार्ड नंबर 15 जवाहर नगर थाना बनभूलपुरा बताया। आरोपी के पास से 1080 रूपए की नगदी और सट्टा पर्ची बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

# रोडवेज बस से हल्द्वानी आ रहे यात्री की उच्चके ने जेब काटी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रोडवेज बस से हल्द्वानी आ रहे एक युवक की जेब कटकर एक उच्चके ने पर्स उड़ा लिया। पर्स में आठ हजार रूपए की नगदी और जरूरी दस्तावेज थे। युवक ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। आदर्श नगर तल्ली बमौरी निवासी मुकेश कुमार सक्सेना पुत्र मुन्ना लाल सक्सेना ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह 12 मई को मुरादाबाद से हल्द्वानी आ रहा था। जब वह कालाढूंगी चौराहे पर बस से उतरते समय किसी अज्ञत व्यक्ति ने उसका पर्स चुरा लिया। पर्स में आठ हजार रूपए की नगदी के अलावा, पहचान पत्र के अलावा अन्य जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पेज एक का शेष...

**सीबीएसई बोर्ड...**बोर्ड के अधीन कई अटल उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी दूसरी बार बोर्ड परीक्षा दी है। सीबीएसई बोर्ड 12वीं में लड़कियों का पास प्रतिशत 91.52 रहा। जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 85.12 फीसदी रहा। लड़कों के मुकाबले 6.40 फीसदी ज्यादा लड़कियां पास हुई हैं। देश भर में त्रिवेंद्रम सबसे आगे है। यहां का पास प्रतिशत 99.91 है।

**पॉकेटमार गिरोह...**थाना मवाना मेरठ और शकील पुत्र रहीस अहमद निवासी मुमताज नगर गुलईस्ता गार्डन गली नं05 थाना लीसाड़ी गेट जिला मेरठ बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से 8000 रुपए नगद और पर्स में रखे आधार कार्ड, पैन कार्ड बरामद किए। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया।

# चोरों ने उड़ाई राजमिस्त्री की बाईक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में बाइक चारों का आकंत रूकने का नाम नहीं ले रहा है। राजमिस्त्री का काम करने वाले व्यक्ति की कार्य के दौरान बाहर खड़ी मोटरसाईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अकबर हुसैन पुत्र अहमद हुसैन निवासी शिवपुरिया, जनपद पीलीभीत, हाल निवासी वार्ड13, रेशमवाड़ी ने कहा है कि गत 9 मई को वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 26 एआर 9246 पर सवार होकर गली नंम्बर 7, कबाड़ की दुकान के सामने, वार्ड 25, रूद्रपुर में राजमिस्त्री का काम करने गया था। उसका वाहन बाहर खड़ा हुआ था। उसने बताया जब काम करने के बाद बाहर आया तो देखा कि उसका वाहन बाहर नहीं था। आस पास काफी खोजने के बाद भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजकीय बालिका इंटर कालेज पीटीए के छठी बार अध्यक्ष बने सलीम खान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कालेज वनभूलपुरा में अभिभावक शिक्षक संघ के चुनाव में सलीम खान निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। वह छठी बार पीटीए के अध्यक्ष चुने गए हैं। जबकि उपसचिव पद पर अलीम खान, कोषाध्यक्ष नाजमा परवीन चुनी गई है। सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज वनभूलपुरा में अभिभावक शिक्षक संघ का चुनाव हुआ जिसमें सर्व सम्मति से सलीम खान को अध्यक्ष चुन लिया गया। सभी सदस्यों ने सलीम खान के कार्यो की प्रशंसा की और उन्हें पुनः अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारिता किया गया जिससे सर्व सम्मति से पास कर दिया। उनके राजकीय बालिका इंटर कालेज का पीटीए अध्यक्ष बनने पर स्कूल प्रबंधन, उनके सहयोगियों व शुभ चिंतकों ने बधाई दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।



E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# निकाय चुनाव में जुट जायें भाजपा कार्यकर्ता : महेंद्र भट्ट

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नगर पंचायत नानकमत्ता में कार्यकर्ताओं से रायशुमारी

नानकमत्ता(उद संवाददाता) भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर नगर पंचायत नानकमत्ता के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर अभी से निकाय चुनाव में जुट जाने का आहवान किया। प्रदेश अध्यक्ष महैन्द्र भटट का नगर में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। श्री भटट ने कहा कि निकाय चुनाव स्थानीय सरकार के रूप में काम करती है। इसी लिहाज से स्थानीय जनता अपना जनप्रतिनिधि भी सोच समझकर चुनती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी जुट जाने का आहवान करते हुये कहा कि नगर पंचायत में पिछली बार से अधिक वार्ड सदस्य व पार्टी का चौयरमेन बनाना सभी की जिम्मेंदारी है। चुनाव से पूर्व हर निकाय में प्रभारी,संयोजक सहसंयोजक



के साथ पार्टी आंतरिक सर्वे भी कराकर जिताऊं प्रत्याशी को ही टिकट देगी। इसके अलावा पर्यवेक्षक भी रायशुमारी करेंगे। उन्होंने समान्य, पिछड़ी , अनु.जनजाति एंव अनु. जाति की सीट पर समिकरण के हिसाब से प्रत्याशियों के चयन करने का सुझाव दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल,पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, मण्डल अध्यक्ष ध्रुव सिंह राणा उमेश अग्रवाल ,हिमाशु विष्ट, प्रेम सिंह टुरना, जगदीश जोशी, सुरेश जोशी,,छगन लाल अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, श्रीपाल राणा, धर्म सिंह विष्ट, जितेन्द्र राणा, नरेन्द्र राणा, गौरव वर्मा, विकास गुलाटी, विशाल गोयल ,रजीत राणा आदि मौजुद थे।

## बाबा तरसेम सिंह को दी श्रदांजली

नानकमत्ता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महैन्द्र भटट ने कारसेवा डेरे पहुंचकर दिवंगत कारसेवा बाबा तरसेम सिंह को श्रदांजली अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष महैन्द्र भटट ने बाबा तरसेम सिंह के चित्र पर पुश्प अर्पित करते हुये कहा कि कारसेवा बाबा तरसेम सिंह ने कारसेवा के माध्यम से धर्म सेवा तो निभाई साथ ही उन्होंने कारसेवा के स्कुलों के माध्ययम से प्राईमरी शिक्षा के साथ ही उच्च शिक्षा को भी बढ़ावा दिया। वही चिकित्सा के क्षेत्र में बाबा फौजा सिंह, बाबा टहल सिंह के नाम अस्पताल का निर्माण कर आमजन को स्वास्थ सुविधा भी दी है। उन्होंने कारसेवा बाबा तरसेम सिंह के कार्यो को याद कर उन्हें भावुक श्रंदाजली दी। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, प्रमुख सेवादार दारा सिंह, दिलबाग सिंह आदि मौजूद थे।

## जल्द होगी संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति : ध्रुव राणा

नानकमत्ता। भाजपा मण्डल अध्यक्ष ध्रुव राणा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नगर पंचायत के चुनाव के लिए संयोजक एंव सह संयोजक नियुक्त करने की जिम्मेंदारी दी है। जिसमें बतौर संयोजक एंव सह संयोजक ऐसे लोग होंगे जो कि कोई चुनाव नही लड़ेगे। जिनकी जिम्मेंदारी जिताऊ प्रत्याशी का सर्वे करने की होगी। जिसके पष्चात वार्ड सभासद का चयन स्थानीय स्तर से किया जायेगा। श्री राणा ने बताया कि जल्द ही मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैंठक कर निकाय चुनाव के लिए चर्चा कर मंथन होगा।

## गदरपुर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक

गदरपुर (उद संवाददाता) । भारतीय जनता पार्टी मंडल के महामंत्री अनिल जेटली के निवास पर भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा आगामी निकाय चुनाव को लेकर नगर पालिका एवं नगर पंचायत में रहने वाले मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारीयो के साथ बैठक कर आगामी निकाय चुनाव के लिए योजना रचना तैयार की जिसमें मुख्य रूप से नए मतदाताओं को जोड़ने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा कार्यकर्ता सदैव जनहित के कार्यों में लगे रहते हैं उससे मुझे विश्वास है कि हम आगामी निकाय चुनाव में बहुत अच्छे परिणाम के साथ विजयी होंगे, एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव ही चुनाव के लिए तैयार रहता है जो एक सकारात्मक सोच को दर्शाता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गदरपुर सुरेश खुराना एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेशपुर अनादी रंजन ,जिला मंत्री विकास गुप्ता,अनिल जेटली ,अभिषेक वर्मा ,परमजीत ,पूनम, राजीव पपनेजा , पंकज सेतिया ,कपिल कुमार ,शिवम त्रिपाठी ,शुभम त्रिपाठी ,कुणाल रस्तोगी, गौतम ,केशव ,मनोज शर्मा, मुस्कान चावला ,तनीषा चावला ,अंशुल अरोड़ा, राजबाला चौहान, राजकुमार भुड्डी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## लोकप्रिय प्रत्याशी को टिकट देगी पार्टी:भट्ट

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आज पार्टी कार्यकर्ताओं से हिंद पब्लिक स्कूल में मुलाकात की आगामी नगर पालिका चुनाव को लेकर राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली। एक निजी स्कूलों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देगी जो जनता के बीच लोकप्रिय हो पूरा संगठन मिलकर पार्टी द्वारा चुने हुए प्रत्याशियों को चुनाव लड़ेगा । सभी दावेदारों को अपनी दावेदारी करने का पूरा अधिकार है पार्टी अपना सर्वे करा कर जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले जिताऊ प्रत्याशी को नगर पालिका चुनाव लड़वाएगी । बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने नगर पालिका चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी पार्टी कार्यकर्ता नगर पालिका में छोटे मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम करें । पारदर्शी चुनाव के लिए नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ना एवं फर्जी वोटरों को चिन्हित कर उनके नाम वोटर लिस्ट से हटाने का काम पार्टी



कार्यकर्ताओं को करना है । बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष जीवन धामी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया, नंदन सिंह, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, गंभीर सिंह धामी, भुवन जोशी,किशोर जोशी, विमल बिष्ट, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, विमल मंडेला, नीति सक्सेना,नीलू गुप्ता,अनुपम शर्मा, अमित चिलकोती, गोपाल बोरा, अमित पांडे, राहुल सक्सेना रेनू भंडारी ,संतोष अग्रवाल ,पवन अग्रवाल, रामबचन यादव ,हरीश जोशी ,सचिन रस्तोगी किशन सिंह ,प्रेम प्रकाश जोशी ,गोकुल ओली, प्रकाश आर्य ,संजय पिलख्वाल ,अनीता जाला सूरज धामी भवानी भंडारी आदि उपस्थित थे । संचालन जिला महामंत्री सतीश गोयल ने किया।

## अनियंत्रित वाहन की टक्कर से ठेली चालक हुआ गंभीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से ठेली वाला गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए एसटीएच लाया गया लेकिन हालत को नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं घयल के पुत्र की ओर से वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस वाहन चालक को तलाश रही है। सती कालोनी मण्डी गेट वार्ड नंबर 28 निवासी सुमित साहू पुत्र हीरा लाल साहू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पिता 9 मई की सुबह 11 बजे नवीन मण्डी से अपना फल का ठोला फेरी के लिए ले जा रहे थे तथा इसी बीच एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमें वह गभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एसटीएच ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने उन्हें एम्स के लिए रेफर कर दिया। घायल के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देते हुये वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभासद पद के लिए ठोकी ताल

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आगामी निकाय चुनाव के लिए विभिन्न वार्ड के सभासद पद पर पार्टी के टिकट के मंडल अध्यक्ष और वरिष्ट नेताओं के समक्ष अपनी दावेदारी पेश की।मण्डल अध्यक्ष अनादि रंजन मंडल के निवास पर रविवार को वार्ड सभासद पद के दावेदार समर्थकों के साथ पहुंचे और वरिष्ठ नेताओं के समक्ष पार्टी सिंबल के लिए अपनी दावेदारी जताई। जिसमे वार्ड एक से सुकुमार सरकार, ललिता सरकार, मिलन विश्वास, ममता विश्वास, वार्ड दो से नित्यानंद मंडल, सुकुमार सरकार, वार्ड तीन से नंदन चन्द्र पाण्डेय, जीतू चंद, दिव्येन्दु मंडल, वार्ड चार से



रामनरेश, सविता बैरागी, प्रोजित मंडल, इति मंडल, योगेश मिगलानी, राजेश नारंग, वार्ड पांच से सुब्रतो गोस्वामी, सुनिता मिस्त्री, सौरभ मंडल, पूनम मंडल, मयंक अग्रवाल, वार्ड छह से प्रसन्नजीत शाह, शंकर सरकार, राजू गाईन, प्रीतम गाईन, नितिन चटर्जी, सात से आनंदिता सरकार, विष्णुपद शील, ब्यूटी शील, वार्ड आठ से शिशिर तरफदार, मीना विश्वास, सत्यजीत विश्वास, गंगा देवी, वार्ड नौ से सन्तोष राय, ज्योति मंडल, गोविंद मंडल शामिल थे। मंडल अध्यक्ष अनादि मंडल ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठजनो से परामर्श के बाद पैनल बनाकर दावेदारों के हाईकमान को भेजा जायेगा।